the reasons for the slow-down in growth; and

(c) the corresponding import figures for these years, the rate of growth year to year and the corresponding balance of trade?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI BOLLA BULLI RAMAIAH): (a) As per available data from DGCI&S, export growth in April-Oct. 1996-97, was 9.91% as compared to 24.48% during the period Apr-Oct. 1995-96. In value terms, exports have grown from US $ 17203.94 million in Apr-Oct. 1995-96 to US $ 18908.24 million in Apr-Oct 1996-97.

(b) and (c) As per DGCI&S data, trade figures for the periods mentioned are as under:

(US $ million)

	1994-95	1995-96	1996-97 (April-Oct)
Exports	26330.38	31830.53	18908.24
(%growth)	(18.4)	(20.9)	(9.9)
Imports	28654.37	36369.52	21183.51
(%growth)	(22.9)	(26.9)	(6.4)
Balance of Trade	−2324.09	−4538.99	−2275.27

A slower growth rate in exports in Apr-Oct. 1996 could be ascribed to factors such as relatively less buoyant international market conditions, infrastructural bottlenecks, cost of export credit etc.

बागवानी उत्पादों का निर्यात

1797. **श्री अजीत जोगी:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हमारे देश से बागवानी उत्पादों का बड़े पैमाने पर निर्यात हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो किन-किन उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है;

(ग) गत एक वर्ष के दौरान बागवानी उत्पादों का कुल कितना और किन-किन देशों को निर्यात किया गया; और

(घ) सरकार का देश में बागवानी के विकास को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाने का विचार है?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बोल्लाबुल्ली रमैया): (क) से (ग) वर्ष 1995-96 के दौरान निर्यात की गई उद्यानोत्पादों की कुल मात्रा 102338 मी० टन थी जिसका मूल्य 107.25 करोड़ रु० था।

(स्रोत: डी०जी०सी०आई० एण्ड एस०, कलकत्ता)

इसके देश-वार आंकड़े डी०जी०सी०आई० एण्ड एस०, द्वारा प्रकाशित फारेन ट्रेड ऑफ इंडिया के मासिक आंकड़ों के वार्षिक अंक में उपलब्ध हैं जिसकी प्रतियां संसद पुस्तकालय में उपलब्ध हैं।

(घ) उद्यानोत्पादों के संवर्धन व विकास के लिए कुछ कदम उठाए गए हैं:—

(1) उष्णकटिबंधीय, शीतोष्ण कटिबंधीय एवं शुष्क कटिबंधीय फलों के एकीकृत विकास पर

केन्द्रीय प्रायोजित योजना के तहत किसानों को गुणवत्ता रोपण सामग्री की आपूर्ति करना और प्रशिक्षण देना;

(2) ग्रेडिंग/प्रसंस्करण केन्द्रों, नीलामी प्लेटफार्मों, पकाई/प्रसंस्करण प्रकोष्ठों की स्थापना करने और गुणवत्ता जांच उपकरणों के लिए आसान शर्तों पर ऋण का प्रावधान करना;

(3) निर्यातकों/उपजकर्ताओं/सहकारिता सोसाइटियों को विशेषीकृत परिवहन यूनिटों की खरीद, पूर्व प्रशीतन/प्रशीतन भण्डारण जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना;

(4) उक्त पैकेजिंग तथा गुणवत्ता नियंत्रण के सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना;

(5) उत्पाद की स्वीकार्यता में सुधार लाने के लिए वाष्प ऊर्जा उपचार सुविधाओं की स्थापना करना।

मसालों और खाद्यान्नों का निर्यात

1798. श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला: क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में निर्यात किए गए/जा रहे विभिन्न प्रकार के मसालों तथा अन्य खाद्यान्नों का ब्यौरा क्या है;

(ख) आठवीं योजना के दौरान मसालों और खाद्यान्नों के संबंध में अलग-अलग क्या वार्षिक निर्यात लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं तथा अभी तक इस संबंध में वास्तविक उपलब्धि क्या रही है; और

(ग) मसालों और खाद्यान्नों के उत्पादन और निर्यात को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बोल्लाबुल्ली रमैया): (क) देश से निर्यात किए गए कुछ मसाले और खाद्यान्न नीचे दिए गए हैं:—

मसाले: काली मिर्च, इलायची (छोटी), इलायची (बड़ी), मिर्च, हल्दी, धनिया, जीरा, मेथी, सौंफ, लहसुन, इमली, कड़ी पाउडर, मसाला तेल और ओलियोरेजिन।

खाद्यान्न: चावल (बासमती), चावल (गैर-बासमती), गेहूं और मोटे अनाज।

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रत्येक वर्ष के दौरान निर्यात किए गए मसालों और खाद्यान्नों की कुल मात्रा और मूल्य नीचे दिए गए हैं:—

मात्रा : मी.टन में
मूल्य: करोड़ रु० में

वस्तु	1992-93		1993-94		1994-95		1995-96		1996-97 (अप्रैल-सितम्बर, 96)	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
मसाले	128720	393.42	182361	568.90	157643	606.48	211515	785.89	117721	517.77
चावल (बासमती)	324790	800.64	527233	1061.27	468696	857.76	392258	851.16	249043	554.16
चावल (गैर-बासमती)	255619	174.96	240454	225.44	422727	323.45	5120343	3701.85	1108766	1051.67
गेहूं	36749	10.21	390	0.21	58206	30.85	617211	360.90	1078653	668.49
अन्य अनाज	17058	10.16	148316	34.02	68595	25.67	28047	17.15	51462	38.65

(स्रोत: डी.जी.सी.आई.एण्ड एस., कलकत्ता)